बिहार के सभी ज़िलों में खुलेंगे 50-50 बेड के बालिका रक्षा गृह

चर्चा में क्यों?

15 अक्टूबर, 2022 को बिहार राज्य के समाज कल्याण विभाग द्वारा निर्णय लिया गया कि राज्य के सभी ज़िलों में एक-एक बालिका रक्षा गृह खोला जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने इस संबंध में ज़िलों में ज़मीन चिह्नित करने के लिये सभी डीएम को पत्र भेजा है।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि पूर्व से पटना में एक रक्षा गृह का संचालन हो रहा है। नए रक्षा गृह में एक साथ 50 लड़कियों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। सभी ज़िलों में खुलने वाले गृह के लिये जगह का भी चयन शुरू किया गया है, ताकि निर्माण का काम जल्द शुरू होकर, अगले एक साल में इसे पूरा कर लिया जाए।
- विभागीय अधिकारियों के मुताबिक सभी बालिका गृह में रहने वाली लड़कियों से बातचीत कर उनके द्वारा बताई गई परेशानियों के समाधान के आधार पर ही अधिकारियों ने ब्योरा तैयार कर विभाग को सौंप दिया है, जिसके बाद सभी ज़िलों में रक्षा गृह शुरू करने का निर्णय लिया गया।
- जानकारी के मुताबिक होम में दो तरह की लड़कियों को रखा जाता है, जिसमें एक ऐसी लड़कियाँ होती हैं, जो बिल्कुल अकेली हैं और उनका कोई परिवार नहीं है। वहीं, दूसरी वैसी लड़कियाँ, जो किसी तरह से घर से भागी हुई या खोई हुई होती हैं। इन दोनों का रहन-सहन बिल्कुल अलग होता है।
- इस परिप्रेक्ष्य में विभाग के स्तर पर प्रस्ताव तैयार हो गया है, जिस पर विभागीय मंत्री की भी सहमति मिल गई है। इस प्रस्ताव को सरकार के पास भेजा जाएगा और वहाँ से अनुमति मिलने के बाद दिसंबर से इसको लेकर काम शुरू हो जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/girls-child-protection-homes